खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के जरिए दें लोगों को रोजगार : मौर्य

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देकर ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। अधिकारियों को इस काम में जुटने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 17 क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा एवं परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी। वे मंगलवार को विभागीय कामकाज की समीक्षा कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिए निर्देश

कहा- 17 क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा एवं परीक्षण लैब की होगी स्थापना

उन्होंने कहा कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने 5 साल का रोड मैप तैयार किया है। इसके तहत प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के प्रोत्साहन के लिए 45 इक्यूवेशन सेंटर्स की स्थापना की जाएगी तथा 11 मेगा फूड, एंग्री प्रोसेसिंग क्लस्टर की स्थापना का लक्ष्य है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत प्रदेश में 375 बड़ी इकाइयों की स्थापना भी की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय कच्चे माल का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन कर किसानों की आय बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत केंद्र सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में 50 परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें 48 में निवेश शुरू किया जा चुका है। इससे एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। ब्यूरो